अजमेर में भव्य संगीत संगोष्ठी का आयोजन

अजमेर(निसं)। अजमेर में त्रिनिटी डे 2025 के उपलक्ष्य में एक भव्य संगीत संगोष्ठी का आयोजन अजमेर के मित्तल मॉल स्थित सरोवर पोर्टिको में किया गया, जिसमें शहर भर के सभी प्रतिष्ठित संगीत शिक्षक सम्मिलित हुए। यह आयोजन त्रिनिटी कॉलेज लंदन के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

इस संगोष्ठी की अध्यक्षता त्रिनिटी के प्रमुख श्री सचिन जी, श्रीमती अंजली माता तथा वरुण माता ने की। इस विशेष अवसर पर संगोष्ठी की औपचारिक शुरुआत पीटर डेविड द्वारा की गई, जो एक कुशल और वरिष्ठ संगीत शिक्षक हैं।

इस कार्यक्रम का सह-आयोजन यामाहा म्यूज़िक इंडिया द्वारा किया गया, जिसने संगीत की विविध विधाओं को प्रोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाते हुए राजपूताना म्यूज़िक हाउस द्वारा विविध प्रकार के संगीत वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक वाद्ययंत्रों का समावेश था।0

इस अवसर ने संगीत शिक्षकों के बीच आपसी संवाद, अनुभव साझा करने तथा नई शिक्षण विधियों को समझने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। यह संगोष्ठी न केवल संगीत शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर सिद्ध हुई, अपितु अजमेर में सांस्कृतिक चेतना के नव जागरण का भी प्रतीक बनी।

सावन का दूसरा सोमवार, शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

भीलवाड़ा। पवित्र सावन माह के दूसरे सोमवार को आज भीलवाड़ा शहर सहित पूरे जिले के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही शिव मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, और जय भोले, हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान मंदिरों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

भीलवाड़ा शहर के समीप स्थित प्रसिद्ध हरणी महादेव मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई थीं, जो भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव को दूध, दही, बिल्व पत्र, आक, दूब, धतूरा और पंचामृत अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगी। मंदिर परिसर में एक छोटे मेले जैसा माहौल भी नजर आया, जहां प्रसाद और पूजा सामग्री की दुकानें सजी हुई थीं। हरणी महादेव मंदिर के साथ ही, द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर में भी भारी भीड़ देखने को मिली। इन दोनों प्रमुख मंदिरों में भक्तों की संख्या को देखते हुए, हरणी महादेव मंदिर ट्रस्ट और समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दर्शन सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। मंदिर के पुजारी भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि आज के दिन सहस्त्रधारा अभिषेक सहित कई विशेष अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सोमवार होने के कारण हजारों कावड़ियों की भी भीड़ मंदिर में रहने की उम्मीद है, जो दूर-दूर से पवित्र जल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करने पहुंचे हैं। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें। सावन के दूसरे सोमवार पर भीलवाड़ा में शिवभक्ति का यह अद्भुत संगम मनमोहक था।

रुद्रा अभिषेक संपन्न

शाहपुरा। सावन के दूसरे सोमवार को पंचायत समिति शाहपुरा में स्थित शंकर भगवान के मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा रुद्री अभिषेक का आयोजन किया गया आज प्रातः 11:00 संपूर्ण विधि विधान एवं प्रमुख शिव पंडित नरेंद्र शुक्ला मनोज शुक्ला द्वारा भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया एवं स्थानीय विधायक डॉ लालाराम बैरवा ने क्षेत्र के विकास की एवं लोगों की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी,ग्रामीण अध्यक्ष जीवराज गुर्जर,पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा,रमेश मारु, महामंत्री जितेंद्र पाराशर,राजाराम पोरवाल ,पूर्व उप प्रधान बजरंग सिंह राणावत, उपाध्यक्ष प्रमोद छिपा, सुनीता बलाई, कैलाश धाकड़, मोहन गुर्जर, महावीर सैनी, लादूराम खटीक, खुशीराम आचार्य, पवन सुखवाल, विट्ठल शर्मा, सिद्धू सेन, आदि मौजुद रहे।

राजा महाराजा चौहान सरदारों को मगरे के शेर के नाम से संबोधित करते थे-अभिषेक चौहान

मसूदा, 21 जुलाई (निसं)। मसूदा मैं सम्राट पृथ्वीराज चौहान वंशीय 'नरवर से दिवेर' धर्म धरोहर व संस्कृति रक्षा यात्रा का मसूदा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कस्बे में चौहान सरदारों ने मसूदा राव नारायण सिंह की मूर्ति का जलाभिषेक कर माला व साफा पहना कर आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में अभिषेक सिंह ने कहा कि चौहान वंश केवल एक नाम नहीं, यह त्याग, तपस्या, भक्ति और शौर्य की परंपरा का नाम है। यह वंश हमारी कुलदेवी माता आशापुरा के आशीर्वाद से सदैव धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा है। अपने इतिहास की रक्षा और गौरव की पुनः स्थापना के पावन उद्देश्य से एक विशेष यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। धर्म धरोहर - संस्कृति रक्षा यात्रा के प्रथम चरण में 21 जुलाई को नारायण आश्रम, अजमेर रोड़, ब्यावर (राज.) यात्रा की शुरूआत की गई। वीर भूमि श्यामगढ़ किले से पूर्वजों को नमन कर माता आशापूरा के जयकारों के साथ यात्रा मसूदा पहुंची। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारे पुरखों द्वारा स्थापित गढ़, किले मंदिर और पूजास्थल आज अपना वजूद खोते जा रहे हैं। यह यात्रा इन स्थलों को फिर से समाज की श्रद्धा और चेतना से जोड़ने, पूर्वजों की गौरवगाथा को आगामी पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। आधुनिक पीढ़ी इतिहास से कटती जा रही हैं। यह यात्रा जिसमें अपने पूर्वजों के त्याग, शौर्य और धर्म निष्ठा को बालकों, युवाओं और पूरे समाज तक जीवंत रूप में पहुंचाने, समाज में एकता, आत्मगौरव और संगठन की भावना विकसित करने में कारगर होगी। आज जातीय और सांस्कृतिक एकता टूट रही है, यह यात्रा चौहान वंश को फिर एकजुट कर 'हम एक है, हम जागरूक हैं, और हम संगठित हैं' इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का काम करेगी। चौहान ने बताया कि यात्रा मार्ग के कई स्थानों पर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का संगम है। जिनको न केवल नमन करेंगे, बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया है। कुलदेवी माता आशापुरा के चरणों में याचना है कि समाज धर्म संस्कृति और सेवा के मार्ग पर संगठित और जागरूक बना रहे। यात्रा का उद्देश्य यह भी है कि भविष्य के लिए ऐतिहासिक दस्तावेज तैयार कर प्रत्येक पड़ाव, प्रत्येक स्थल और उससे जुड़ी स्मृतियाँ अगली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और शोध का आधार बनें। फोटो, वीडियो, लेख और रिपोर्टिंग के जरिए इसका संपूर्ण दस्तावेज तैयार किया जाएगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मसूदा के राजा चौहान सरदारों को मगरे के शेर के नाम से संबोधित करते थे। इस दौरान राव दुष्यंत सिंह मसूदा सहित गजराज सिंह, गणपत सिंह, सहित बड़ी संख्या में चौहान सरदार मौजूद रहे।

पुष्कर व दरगाह अंदरकोट जल भराव क्षेत्रों का दौरा

पुष्कर (निसं) । सावन के दूसरे सोमवार को राजस्थान सरकार के पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष व कांठोस के दिग्गज नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने आज जल भराव क्षेत्रों का दौरा किया और कई कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कर भारी बारिश के चलते पुष्कर में बिगड़े जल भराव क्षेत्र का दौरा किया और आमजन से समस्याएं सुनी। कांठोस के दिग्गज नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने पुष्कर सरोवर के पीछे स्थित हाई लेवल ब्रिज के पास नाला क्षेत्र के जल भराव क्षेत्र का अवलोकन किया। इन क्षेत्रों में ज्यादा जल भराव होने के चलते घरों में और खेतों में पानी भरने और स्थिति भयवाह नजर आने के बाद राठौड़ ने भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत पर प्रहार करते हुए कहा कि मंत्री सुरेश सिंह रावत पुष्कर की जनता की परवाह नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते बारिश से बिगड़े हालातो का भी जायजा मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। उनका दायित्व है कि पुष्कर की जनता सुध ले। उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। हालात यह है कि पुष्कर क्षेत्र में भारी बारिश के चलते हालात बिगड़े हुए हैं

- एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कर की दीर्घायु की मांगी मनोकामना

और मंत्री महोदय पूरे क्षेत्र में ही नजर नहीं आ रहे हैं। यह बड़ी दुर्भाग्य की बात है । उन्होंने कहा कि पुष्कर सरोवर में 50 सालों के बाद अच्छी बारिश होने के चलते 30 फिट से ज्यादा पानी की आवक हुई है।

पुष्कर वासियों के लिए हर्ष का विषय है, उन्होंने पुष्कर सरवर के स्वच्छ जल बनाए रखने को लेकर सरकार की नकारात्मक ऊर्जा को दर्शाते हुए कहा कि सरकार और उनके मंत्री सुरेश सिंह रावत पुष्कर सरोवर के स्वच्छ जल को बनाए रखने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के दौरान उन्होंने पुष्कर सरोवर के जल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कई प्रोजेक्ट तैयार किए थे, लेकिन सरकार बदलने के चलते उनके प्रोजेक्ट पर काम बंद कर दिया गया । उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार पुष्कर सरोवर के स्वच्छ जल बनाए रखने के लिए और नए कदम उठाने की जरूरत है।।तभी पुष्कर सरोवर का जल स्वच्छ और निर्मल बना रहेगा। उन्होंने कहा किकेंद्र और प्रदेश की सरकार पुष्कर सरोवर को सुंदर एवं विकासशील बनाने के लिए करोड रुपए खर्च कर रही है। वही पुष्कर सरोवर जल को स्वच्छ और निर्मल बनाये रखने में फेल ही साबित हुई है। इसके पहले पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कांठोस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े का जन्म दिन मनाया।

खड़गे के जन्मदिन के अवसर पर जयपुर घाट पर पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना कर पुष्कर सरोवर का दुग्धाभिषेक किया और कांठोस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे की दीर्घायु की मनोकामना की। इस दौरान कांठोसी नेता वेदनाथ पाराशर, ओमप्रकाश डोलिया, जगदीश कुड़िया, शैलेन्द्र अठावाल, बाबूलाल दग्दी, संजय दगदी, मधुसूदन मैक्स पाराशर,दामोदर मुखिया, विलायत अली, समेत बड़ी संख्या में कांठोसी कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का माला पहनाकर स्वागत किया।

अवाड्र्स से सम्मानित किया

ब्यावर (निसं) दी इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के अंतर्गत कार्यरत ब्यावर चैप्टर को संस्था की नॉर्थन रीजनल काउंसिल द्वारा आयोजित वार्षिक आम बैठक में वर्ष 2024-25 की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो विशिष्ट पुरस्कारों से नवाजा गया।चेयरमैन अंकुर सिंहल एवं वाइस चेयरमैन कमलेश सांखला के अनुसार यह उपलब्धि न केवल ब्यावर चैप्टर के लिए, बल्कि पूरे राजस्थान और छोटे शहरों के लिए एक प्रेरणास्पद मिसाल है।

सीमित संसाधनों और छोटे क्षेत्रफल के बावजूद अगर टीम भावना और नेतृत्व मजबूत हो, तो असंभव कुछ भी नहीं। यह दोहरी सफलता इस बात का प्रमाण है कि ब्यावर चैप्टर ने पूरे उत्तर भारत में अपनी अलग पहचान बनाई है और लगातार श्रेष्ठता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।सचिव शुभम सांखला एवं कोषाध्यक्ष महेन्द्र पीपाड़ा ने बताया कि ब्यावर चैप्टर को उसकी कैटेगरी में बेस्ट चेप्टर अवार्ड और सभी श्रेणियों के समग्र मूल्यांकन में बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड प्रदान किया गया, जो किसी भी छोटे चैप्टर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह पुरस्कार नॉर्थन रीजनल काउंसिल के चेयरमैन संतोष पंत, सेक्रेटरी राकेश यादव एवं अन्य पदाधिकारी, सेंट्रल काउंसिल सदस्य एवं रीजनल काउंसिल सदस्यों द्वारा ब्यावर चैप्टर के संस्थापक चेयरमैन रूपेश कोठारी को प्रदान किए गए।इस सम्मान को लेकर रूपेश कोठारी ने बताया कि ''ब्यावर चैप्टर की स्थापना को मात्र 5 वर्ष हुए हैं, जिनमें से 2 वर्ष कोविड महामारी के कारण काफी चुनौतीपूर्ण रहे। इतने कम समय और सीमित संसाधनों के बावजूद चैप्टर ने हर दिन अपने कार्यों, समर्पण और योजनाओं के माध्यम से उत्तर क्षेत्र ही नही पूरे भारत में एक अलग पहचान स्थापित की है। देश के सबसे छोटे भौगोलिक क्षेत्र में स्थित चैप्टर होने के बावजूद आज हम राष्ट्रीय मंच पर गौरव के साथ खड़े हैं।यह सम्मान केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि हमारी पूरी टीम की मेहनत, संकल्प और निष्ठा का प्रतीक है।

पौधारोपण किया

आसींद, (निसं)। अखिल भारतीय रेगर महासभा युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी छात्रावास बराणा चौराया मुख्यालय आसींद के नेतृत्व में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान को मध्य नजर रखते हुए रेगर समाज के सदस्यों द्वारा 31 छायादार पौधे लगाऐ और छात्रावास स्थल के बाहर पार्किंग की तरफ 15 पौधे और 15 ट्री गार्ड भागीरथ रेगर आसींद की तरफ से लगाए गए एवं छात्रावास कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी ली एवं छात्रावास के बहार साइन बोर्ड लगवाया ।

चौहान गौरव कावड़ यात्रा

ब्यावर (निसं) विश्व हिंदू परिषद द्धारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौहान कावड़ यात्रा ने सावन मास के द्वितीय सोमवार को महादेव की धूनी आस पहाड़ से 567 कावड़ियो के साथ अपने अपने गांवों के शिवालयों एवं मंदिरों में जल अभिषेक करने के लिए प्रस्थान किया।ब्यावर परियोजना के सह प्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने बताया कि इस वर्ष चौहान गौरव कावड़ यात्रा में संशोधन कर पुष्कर से अंतिम सोमवार को कावंड़ लायी जाएगी उससे पूर्व मगरे की प्रमुख धूणीयों से सावन के हर सोमवार को कावड़ियों द्धारा कावड़ ले जाकर मगरे के प्रत्येक गाँव स्थित शिवालयों, मन्दिरों में जलाभिषेक किया जायेगा।रविवार रात को आस पहाड़ में भजन संध्या का आयोजन कर सोमवार प्रातः 9 बजे से यात्रा का शुभारंभ अखण्ड सनातन संकल्प एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बाद हुआ।इस अवसर पर परियोजना प्रमुख लक्ष्मीनारायण, भाजपा नेता विक्रान्त सिंह रावत, आदि मौजुद रहे।

रुद्राभिषेक एवं सहस्त्रधारा महोत्सव

आसींद, (निसं)। उपखंड क्षेत्र आसींद सहित कस्बे के गोपालेश्वर मंदिर पर सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग अजमेर द्वारा सावन मास के दूसरे सोमवार रुद्राभिषेक महोत्सव कार्यक्रम आसींद हुरड़ा विधायक जबर सिंह सांखला, उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह, तहसीलदार उपस्थिति ।

जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने जिले में जल भराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेएलएन मेडिकल कॉलेज, सूचना केन्द्र चौराहा, बजरंगगढ़ चौराहा, सागर विहार पाथ वे एवं पुष्कर की व्यवस्थाओं का विशेष रूप से अवलोकन किया गया।

अजमेर शहर में जल भराव को कम करने के क्षेत्र में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी नगर निगम आयुक्त श्री देशल दान द्वारा दी गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को प्रोएक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए। मौसम विभाग के द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार अधिकारी क्षेत्र में तैनात रहेंगे।

जिला कलैक्टर ने कहा कि आनासागर एस्केप चैनल पर दरवाजे खोलकर आनासागर का जल स्तर सुरक्षित लेवल तक लाया जा रहा है। इसमें कमी आते ही गेट बन्द कर दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया से ऊपरी एवं निचले स्तर के जल भराव को संतुलित किया जा रहा है। एस्केप चैनल से निकलने वाले जल प्रवाह मार्ग के अतिरिक्त समस्त स्थानों से पानी उतर चुका है।

गेट का गेज धीरे-धीरे कम करके सुरक्षित लेवल पर आने की स्थिति में गेट

- निरीक्षण के दौरान जेएलएन मेडिकल कॉलेज, सूचना केन्द्र चौराहा, बजरंगगढ़ चौराहा, सागर विहार पाथ वे एवं पुष्कर की व्यवस्थाओं का विशेष रूप से अवलोकन किया गया

बन्द कर दिए जाएंगे। इससे अजमेर शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पम्प लगाकर स्थिति सामान्य की जा रही है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रशासन द्वारा मेडिकल, पुलिस, नगर निगम, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, होमगार्ड, सिविल डिफेन्स सहित विभिन्न विभागों की टीमें लगातार कार्य कर रही है।

गत 24 घण्टों से अधिक समय से वर्षा नहीं होने से सोमवार सायं तक शहर के समस्त क्षेत्रों से जल उतरने की सम्भावना है। इससे सागर विहार और आम का तालाब के अतिरिक्त समस्त क्षेत्रों में जन जीवन सामान्य हो जाएगा।

जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने पुष्कर सरोवर, नाला क्षेत्र तथा फीडर का स्थानीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को फील्ड में तैनात पाया। पुष्कर सरोवर की पवित्रता बनी रहनी चाहिए। जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं। इससे सामान्य जनजीवन बना रहे। जल स्त्रोतों के आसपास व्यक्तियों को जाने से रोकने की कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं अधिकारी क्षेत्र में सतर्कता एवं तत्परता बनाए रखें। आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। वर्तमान में सभी स्थानों पर स्थिति नियंत्रण में है।

आगामी मौसम की जानकारी के अनुसार सतर्कता बनाए रखें। जनसेवा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़कर कार्य करें। आश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के लिए भी निर्देश प्रदान किए गए है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में जलभराव के क्षेत्रों में सम्भावित जन हानि से बचने के लिए विद्युत आपूर्ति काटी गई थी। अब पानी उतरने के साथ अजमेर विद्युत वितरण निगम तथा टाटा पावर के तकनीकी अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित गलियों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद इन गलियों में विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

नाम परिवर्तन

मैं नफीसा बेगम (NAFISA BEGAM) सुपुत्री अब्दुल सत्तार मंसूर जाति मुस्लिम निवासी 63-गायत्री नगर सेकण्ड, उदयपुर रोड, पानी की टंकी के पास, ब्यावर-305901 जिला ब्यावर का नाम सभी सरकारी व अन्य दस्तावेजों में नफीसा बेगम ही लिखा है लेकिन मेरे पासपोर्ट संख्या 3737514 में नफीसा लिखा है। यह दोनों नाम नफीसा बेगम और नफीसा एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही हैं और मेरा वास्तविक नाम नफीसा बेगम है अतः पासपोर्ट में भी इसी नाम का उल्लेख किया जाए। साक्षी/अनुप्रमाणक-नफीसा बेगम सुपुत्री अब्दुल सत्तार मंसूर,ब्यावर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि हमारी साझेदारी फर्म मैसर्स MSM ENTERPRISES रजिस्टर ऑफिस का पता प्लाट नम्बर 4, खसरा नम्बर 512/177, ग्राम मोहनपुरा मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर, राजस्थान में स्थित है, जोकि रजिस्ट्रार ऑफ अजमेर में पंजीयन क्रमांक RF/AJM/2025/873 दिनांक 7 मार्च 2025 पर पंजीकृत हैं। उक्त फर्म में दिनांक 18 जुलाई 2025 को निम्न परिवर्तन किए गए हैं।वर्तमान साझेदार हैं। (1) महेन्द्र कुमार झारोटिया (2) सत्यनाराण प्रजापति (3) मोहन है। नया साझेदार (1) गिरधारी राम यादव, (2) सहदेव कुमार प्रजापत, उक्त फर्म में दिनांक 18 जुलाई 2025 को परिवर्तन के पश्चात 5 साझेदार हो गये हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है (1) महेन्द्र कुमार झारोटिया (2) सत्यनाराण प्रजापति (3 मोहन) (4) गिरधारी राम यादव एवं (5) सहदेव कुमार प्रजापत। उक्त परिवर्तन में किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म जिला उद्योग केन्द्र अजमेर या उपरोक्त पते में मय सबूत सूचित करें। बाद मियाद कोई एतराज स्वीकार नहीं किया जायेगा। महेंद्र कुमार झारोटिया

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/174 आपत्ति सूचना दिनांक : 18/7/25

श्री हीरालाल पटेल पुत्र श्री रतन लाल पटेल निवासी कृष्ण विला दौराई रेलवे फाटक के पास ब्यावर रोड दौराई अजमेर द्वारा एक भूखण्ड ए.एम.सी. नं. xxiii/323 = xxx/8 अंकित है जो वार्के वडी नागकणी बोराज रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 86.85 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व : इसी सम्पति का भाग पश्चिम : रास्ता
उत्तर : म.न. xxxiii/322 = xxx/9 दक्षिण : 12 फुट का रास्ता

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : . न.नि.अ/भवन/25-26/172 आपत्ति सूचना दिनांक : 18/7/25

श्री आनंद भाटिया पुत्र श्री विजय भाटिया निवासी 3-ग-24 सेक्टर 3 वैशाली नगर अजमेर हाल निवासी म.न. 4 गली नं. 2 बलदेव नगर माकडवाली रोड अजमेर द्वारा एक भूखण्ड संख्या 22 ए.एम.सी. नं. 12/193 422/9 12/191 है जो वार्के हाथीभाटा में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 60 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व : भूखण्ड संख्या 21 पश्चिम : भूखण्ड संख्या 23
उत्तर : प्राइवेट हाऊस दक्षिण : 20 फुट चौडा आम रास्ता

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.), अजमेर

-सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री गोविन्दराम पुत्र देवाराम जाति गुर्जर निवासी ग्राम माकडवाली ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम माकडवाली की वर्तमान जमाबंदी सं0 2073-76 के खाता संख्या 553 की खातेदार धापू पत्नी सुजाण जाति गुर्जर निवासी ग्राम माकडवाली की मृत्यु दिनांक 08.03.2009 को होना बताते हुए उनके द्वारा दिनांक 16.08.1995 को प्रार्थी के पक्ष में की गई पंजिकृत वसीयत के आधार पर नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया है। अतः यदि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पंजिकृत वसीयतनामा दिनांक 16.08.1995 को अन्तिम मानते हुए उनके आधार पर उक्त वसीयतनामें के अनुसार नामान्तरकरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 12 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

-तहसीलदार, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज

क्रमांक : .न.प.कि./भूमि/2025/6456 आम सूचना दिनांक : 21/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनुज अग्रवाल पुत्र श्री सूरज नारायण अग्रवाल ने खांचा भूमि/भोगपड़त के तहत पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो कि फरासिया रेल्वे स्टेशन रोड,मदनगंज किशनगढ़ में है जिसका कुल क्षेत्रफल 99.61 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व : रेल्वे स्टेशन रोड पश्चिम : गली
उत्तर : भोगपड़त भूमि बाद में आम रास्ता दक्षिण : स्वयं का भूखण्ड

उक्त सीमा मध्य स्थित खांचा भूमि/भोगपड़त के तहत पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करें बाद-मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। अतः सूचित रहे।

-प्रभारी भूमि शाखा, नगर परिषद किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज

क्रमांक : .न.प.कि./नाम हस्तांतरण/2025/1770 आम सूचना दिनांक : 21/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 609 पर स्थित 'सन सिटी'आवासीय (भूखण्ड संख्या 16 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज) पर श्री मनीष गुप्ता पुत्र श्री रामस्वरूप गुप्ता ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : भूखण्ड संख्या 29 पश्चिम : 40 फीट चौड़ा रास्ता
उत्तर : भूखण्ड संख्या 15 दक्षिण : भूखण्ड संख्या 17

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-प्रभारी नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज

क्रमांक : .न.प.कि./नाम हस्तांतरण/2025/1768 आम सूचना दिनांक : 21/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 2247 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड क्षेत्रफल 300.00 वर्गगज) पर 1. श्री ओमप्रकाश प्रजापत पुत्र स्व. श्री नोरत प्रजापत 2. श्री कालू राम पुत्र स्व. श्री नोरतमल ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : 34 फीट चौड़ी अरांई रोड पश्चिम : 27 फीट 5 ईंच रोड
उत्तर : श्री मांगीलाल का मकान दक्षिण : खुले क्षेत्र के बाद श्री लच्छु का मकान

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -प्रभारी नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/173 आपत्ति सूचना दिनांक : 18/7/2024

श्री शहाबुद्दीन पुत्र स्व. श्री नूर मोहम्मद निवासी 368/6 लंगर खाना गली अजमेर द्वारा एक भूखण्ड ए.एम.सी. नं. 9/781 पुराना 4/443 5/274 अंकित है, जो वार्के सिलावट मौहल्ला अजमेर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 89.04 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं । प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं ।

पूर्व : सम्पति शामुमल ए. एम.सी. नं. 5/270 पश्चिम : सम्पति ए.एम.सी. नं. 5/272
उत्तर : सम्पति ए.एम.सी. नं. 5/269 दक्षिण : गली

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर